# लक्ष्य से कम राजस्व वसूली करने वाले चार सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने के आयुक्त ने दिए निर्देश

## पहली बार राजस्व वसूली के मामले में की गई इस तरह की कार्रवाई

अमन पथ न्यूज

जगदलपुर। आयुक्त हरेश मंडावी ने नगर निगम राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक रख राजस्व वसूली की वार्डवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने वार्डवार वसूली की समीक्षा के दौरान वार्डो से सबसे कम राजस्व वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित वार्ड के 4 सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। वहीं कम वसूली करने वाले संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने बैठक मे साफ शब्दों में कहा कि राजस्व वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आगामी 15 दिनों में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में 50 प्रतिशत तक समेकित एवं सम्पति, राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया गया है।

सभी सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें । राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वार्डो में जिन बकायदाओं के द्वारा लगातार कई वर्षों से समेकित एवं संपत्ति कर नहीं पटा रहे हैं उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई करने कहा गया।

बकायादारों का सूची तैयार कर उनसे वसूली की कार्रवाई करने कहा गया। राजस्व वसूली की समीक्षा लगातार की जाएगी।

आगामी दिनों में वसूली कम पाए जाने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। आयुक्त ने राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी को कर वसूली की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया।

इस दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ,राजस्व विभाग के राकेश यादव , विनय श्रीवास्तव ,कुलदीप पाणिग्रही एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# लक्ष्य से कम राजस्व वसूली करने वाले चार सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश

**जगदलपुर, 8 दिसंबर (देशबन्धु)।** आयुक्त हरेश मंडावी ने नगर निगम राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक रख राजस्व वसूली की वार्डवार समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में आयुक्त मंडावी ने वार्डवार वसूली की समीक्षा के दौरान वार्डो से सबसे कम राजस्व वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों पर नाराज की व्यक्त करते संबंधित वार्ड की 4 सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। वही कम वसूली करने वाले संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया। आयुक्त ने बैठक मे साफ शब्दों में कहा राजस्व वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगामी 15 दिनों में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डो में 50 प्रतिशत तक समेकित एवं सम्पति राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया गया है। सभी सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक के ऊपर करवाई किया जाएगा। राजस्व वसूली सभी सहायक राजस्व निरीक्षक शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें। साथ ही वार्डो मे जिन बकायदाओं के द्वारा लगातार कई वर्षों से समेकित एवं संपत्ति कर नहीं पटा रहे हैं उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बकायादारों का सूची तैयार कर उनसे वसूली की कार्रवाई करना प्रारंभ करें। राजस्व वसूली की समीक्षा लगातार किया जाएगा, आगामी दिनों में वसूली कम पाए जाने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। आयुक्त श्री मंडावी ने राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी को कर वसूली की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक में आयुक्त ने वार्ड वार समेकित कर व संपत्ति कर की जानकारी लेकर सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। बैठक में आयुक्त ने सख्त हिदायत देते अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजस्व वसूली एवं दुकान किराया राशि वसूली में किसी प्रकार के लापरवाही ना करते हुए ईमानदारी पूर्ण कार्य करने की बात कही। इस दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग, राजस्व विभाग के राकेश यादव, विनय श्रीवास्तव, कुलदीप पाणिग्रही एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**राजस्व वसूली शत-प्रतिशत होनी चाहिए : आयुक्त**

Scanned with OKEN Scanner

# शहर के 4 सहायक राजस्व निरीक्षकों का कटेगा वेतन

## लक्ष्य से काफी कम राजस्व वसूली पर सभी को नोटिस भी जारी

## नपानि आयुक्त ने राजस्व विभाग की ली समीक्षा बैठक



**नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।**

आयुक्त हरेश मंडावी ने नगर निगम राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक रख राजस्व वसूली की वार्डवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने वार्डवार वसूली की समीक्षा के दौरान वार्डो से सबसे कम राजस्व वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों पर नाराजगी व्यक्त करते संबंधित वार्ड के 4 सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश दिये। नपानि आयुक्त ने बैठक मे साफ शब्दों में कहा कि राजस्व वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आगामी 15 दिनों में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में 50 प्रतिशत तक समेकित्त एवं सम्पति राजस्व वसूली करने का लक्ष्य रखें। घर-घर जाकर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक के ऊपर करवाई की जायेगी। आगामी दिनों में वसूली कम पाए जाने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की बात भी आयुक्त ने कही। राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी को कर वसूली की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया, साथ ही बैठक में आयुक्त ने वार्ड वार समेकित कर व संपत्ति कर की जानकारी लेकर सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

बैठक में आयुक्त ने सख्त हिदायत देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजस्व वसूली एवं दुकान किराया राशि वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही ना करते हुए ईमानदारी पूर्ण कार्य करने की बात कही। इस दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग, राजस्व विभाग के राकेश यादव, विनय श्रीवास्तव, कुलदीप पाणिग्रही एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### शत-प्रतिशत हो राजस्व की वसूली : मण्डावी



नपानि आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी सहायक राजस्व निरीक्षक शत प्रतिशत राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें, साथ ही वार्डो मे जिन बकायदाओं के द्वारा लगातार कई वर्षों से समेकित एवं संपत्ति कर नहीं पटाया जा रहा है, उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बकायादारों का सूची तैयार कर उनसे वसूली की कार्रवाई करना प्रारंभ करें। राजस्व वसूली की समीक्षा लगातार की जाये।

Scanned with OKEN Scanner

# राजस्व वसूली शतप्रतिशत होनी चाहिए : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

निगम आयुक्त हरेश मंडावी शुक्रवार को निगम. राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक रख राजस्व वसूली की वार्डवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आयुक्त राजस्व वसूली की धीमी रफ्तार और लापरवाही पर एक्शन मोड पर आ गए और बैठक में वार्डवार वसूली की समीक्षा के दौरान जिन वार्डों से सबसे कम राजस्व वसूली वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों पर नाराजगी व्यक्त करते वार्ड की 4 सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं कम वसूली करने वाले संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में साफ शब्दों में कहा राजस्व वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगामी 15 दिनों में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में 50 प्रतिशत तक समेकित एवं सम्पति राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया गया है। सभी सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक के ऊपर कार्रवाई किया जाएगा। राजस्व वसूली सभी सहायक राजस्व निरीक्षक शतप्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें। साथ ही वार्डो में जिन बकायादारों के द्वारा कई वर्षों से समेकित एवं संपत्ति कर नहीं पटा रहे हैं उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई ककरें। बकायादारों का सूची तैयार कर उनसे वसूली की कार्रवाई करना प्रारंभ करें। राजस्व वसूली की समीक्षा लगातार किया जाएगा। उन्होंने आगामी दिनों में वसूली कम पाए जाने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। आयुक्त ने राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी को कर वसूली की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में वार्डवार समेकित कर व संपत्ति कर की जानकारी लेकर सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने सख्त हिदायत देते अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजस्व वसूली एवं दुकान किराया राशि वसूली में किसी प्रकार के लापरवाही ना करते हुए ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की बात कही। इस दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग, राजस्व विभाग के राकेश यादव, विनय श्रीवास्तव, कुलदीप पाणिग्रही एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

■ **वसूली में लापरवाही चार कर्मी नपे, आयुक्त ने दिए वेतन रोकने के निर्देश**

**लक्ष्य से कम राजस्व वसूली पर कार्रवाई**



Scanned with OKEN Scanner

## पहली बार की गई इस तरह की कार्रवाई

# लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली पर चार सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोका गया

जगदलपुर @ पत्रिका . राजस्व वसूली के मामले में तेजी लाने के लिए बैठकें हो रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को आयुक्त ने राजस्व विभाग की वसूली की वार्डवार समीक्षा की। सबसे कम वसूली करने वाले 4 सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने का निर्देश दे दिया। वहीं कम वसूली करने वाले संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी किए गए। आगामी 15 दिनों में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में 50 प्रतिशत तक समेकित एवं सम्पति राजस्व वसूली करने का लक्ष्य पूरा करें। आयुक्त ने कहा कि सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वार्डों में जिन बकायदाओं के द्वारा लगातार कई वर्षो से समेकित एवं संपत्ति कर नहीं पटा रहे हैं उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई करने कहा गया। बकायादारों का सूची तैयार कर उनसे वसूली की कार्रवाई करने कहा गया। राजस्व वसूली की समीक्षा लगातार की जाएगी। आगामी दिनों में वसूली कम मिलने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। आयुक्त ने राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी को कर वसूली की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया। इस दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ,राजस्व विभाग के राकेश यादव , विनय श्रीवास्तव ,कुलदीप पाणिग्राही एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# लक्ष्य से कम राजस्व वसूली करने वाले चार सहायक राजस्व निरीक्षकों के वेतन रोकने के दिए गए निर्देश

## टैक्स वसूली में लापरवाही को लेकर निगम आयुक्त ने कहा-राजस्व वसूली शत प्रतिशत करें

**खबर का असर**

भास्कर न्यूज़ | जगदलपुर

शहर में रहने वाले 25 हजार परिवारों से टैक्स वसूलने में लापरवाही को लेकर अब निगम आयुक्त ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले चरण में आयुक्त हरेश मंडावी ने चार सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने का निर्देश दिए।

शुक्रवार को राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बैठक में आयुक्त ने कहा कि जिस कर्मचारी को जितना लक्ष्य टैक्स वसूली के लिए दिया गया है वह उस लक्ष्य के अनुसार जल्द से जल्द वसूली करें। इस काम में किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिनों में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में 50फीसदी तक समेकित एवं सम्पति राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया गया है। सभी सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर राजस्व वसूली करें । राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि निगम आयुक्त ने यह कार्रवाई बस्तर भास्कर के 5 दिसंबर के अंक में 9 महीने में केवल 35 फीसदी ही टैक्स वसूल पाया नगर निगम, अब लक्ष्य पूरा करने चार महीने में वसूलने होंगे 16 करोड़ रुपए के शीर्षक से छपी खबर के बाद किया है।

इस खबर में बताया गया था निगम को इस साल अलग-अलग टैक्स के रूप में कितने रुपए वसूलने और अब तक निगम के करीब चार दर्जन कर्मचारियों ने कितने रुपए टैक्स में वसूला है। खबर के प्रकाशित होने के बाद निगम आयुक्त फरवरी से पहले लक्ष्य के अनुसार टैक्स वसूली पूरा करने के लिए कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं। इसी दबाव के पहली कार्रवाई की जा चुकी है। गौरतलब है कि निगम को इस साल सभी टैक्स के रूप में 24 करोड़ 84 लाख रुपए की वसूली करनी है, जिसमें से वह इस खबर के प्रकाशित होने तक के वल 35 फीसदी वसूली कर पाया था।

### बकाएदारों पर कार्रवाई करने दिए निर्देश

राजस्व विभाग की बैठक में आयुक्त ने राजस्व अधिकारी और अन्य कर्मचारियों से कहा कि जो बकायादार लगातार कई वर्षों से समेकित एवं संपत्ति कर नहीं पटा रहे हैं उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई करें। बकायादारों का सूची तैयार कर उनसे वसूली करें। इसमें किसी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडावी ने राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी को कर वसूली की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक में आयुक्त ने वार्ड वार समेकित कर व संपत्ति कर की जानकारी लेकर सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। बैठक में आयुक्त ने सख्त हिदायत देते अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजस्व वसूली एवं दुकान किराया राशि वसूली में किसी प्रकार के लापरवाही ना करते हुए ईमानदारी पूर्ण कार्य करने की बात कही ।

Scanned with OKEN Scanner